दिन– गुरुवार दिनांक– 03/09/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण से जुड़े तकनीक अपनाने और सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं से सीखने का आह्वान किया।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश के सैंतालीस बड़े पुलों और पचपन राज्य उच्च पथों पर टोल टैक्स लगाने के प्रस्ताव को दी मंजूरी।

03. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गम्भीर। दरभंगा, पश्चिम चम्पारण, भागलपुर और मुंगेर समेत पन्द्रह से अधिक जिले बाढ़ की चपेट में।

04. और, शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय शिक्षक पुरस्कार के लिए अड़तीस शिक्षकों का हुआ चयन।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों, बढ़ती आबादी और भविष्य में पानी की जरूरतों के प्रति शहरी स्थानीय निकायों को संवेदनशील बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों के लिए भी इसी तरह के चिंतन शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————————

राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश के सैंतालीस बड़े पुलों और पचपन राज्य उच्च पथों पर टोल टैक्स लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि टोल के दायरे में आयी सड़कों और पुलों से गुजरने वाले वाहनों की संख्या जानने के लिए यातायात सर्वे होगा। सर्वे के आधार पर प्रत्येक सड़क और पुल के लिए टोल प्लाजा की जगह तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि टोल वसूली में फास्टटैग की सुविधा भी दी जायेगी। मंत्रिमंडल ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को अगले पांच वर्षों तक विस्तारित करने का फैसला किया है। श्री चौधरी ने बताया कि योजना के तहत पहले की तरह चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

–––साउंड बाइट–––

श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना की अवधि वित्तीय वर्ष दो हजार तीस–इकतीस के लिए विस्तारित कर दी है। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित राजकुमार शुक्ल की जयंती और अमर शहीद रामफल मंडल का शहादत दिवस राजकीय समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कैबिनेट की बैठक में कुल सत्ताईस प्रस्तावों पर मुहर लगी।

———————————————————————————

नगर विकास और आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के माध्यम से राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में स्थानीय आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप आधारभूत संरचनाओं के विकास पर जोर दिया जायेगा। उन्होंने पटना में पत्रकारों से कहा कि इस योजना की अवधि विस्तार से शहरी क्षेत्रों के विकास कार्यों में तेजी आयेगी तथा शहरीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश के नगर निकायों को सोलहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत केंद्र सरकार से नौ हजार एक सौ उनहतर करोड़ रुपये की राशि मिली है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ये जानकारी दी। इस राशि से राज्य के नगर निकायों में बुनियादी शहरी सुविधाओं और विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। श्री चौधरी ने बताया कि पटना नगर निगम को पांच हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने इस राशि के आवंटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

———————————————————————————

पांच सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर दिये जाने वाले राजकीय शिक्षक पुरस्कार दो हजार छब्बीस के लिए अड़तीस शिक्षकों का चयन किया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी सूची में विभिन्न जिलों के प्राथमिक, मध्य, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक शामिल हैं। इस सभी को पांच सितम्बर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में सम्मानित किया जायेगा।

———————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि चतुर्थ कृषि रोड मेप के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में चार सौ अस्सी किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किये जायेंगे। इसके स्थापना में चौबीस करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। उन्होंने पटना में

कहा कि इन केन्द्रों के माध्यम से किसानों को उनके क्षेत्र में ही ड्रोन आधारित कृषि सुविधाएं सुलभ करायी जायेंगी। श्री सिन्हा ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग से बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है।

———————————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए नन क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र, एनसीएल अब हर साल बनवाने की जरूरत नहीं है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुये कहा है कि पुराने प्रमाण पत्र के साथ केवल एक स्वयं का शपथ पत्र लगाने पर ही उसे आगे भी पूरी तरह वैध माना जायेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि एनसीएल जारी करने के लिए अलग से जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र मांगने की अनिवार्यता नहीं है। अभ्यर्थी सीधे एनसीएल प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————————————————

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दरभंगा, पश्चिम चम्पारण, पूर्णियां, वैशाली, भागलपुर और मुंगेर समेत पन्द्रह से अधिक जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। गंगा, सोन, पुनपुन, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती और घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुये पटना जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। पटना के गांधी घाट पर गंगा नदी खतरे के निशान से एक सौ सत्ताईस सेंटीमीटर, दीघा घाट पर इकसठ सेंटीमीटर जबकि पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में लाल निशान से दो मीटर से अधिक ऊपर बह रही है। भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से कई नये इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।

———साउंड बाईट———

जिले में गंगा नदी के रौद्र रूप से विभिन्न स्थानों पर कटाव और जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। नदी का जलस्तर पिछले बारह घंटों में दस सेंटीमीटर तक बढ़ा है। इसके कारण राघोपुर दियारा क्षेत्र के कई नये भागों में पानी घुस जाने से परेशानी बढ़ गई है। स्माइलपुर बिंद टोली में कई घर कटाव के कारण नदी में समा चुके है। जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग की टीम राहत और बचाव के कार्य में लगी हुई है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

पश्चिम चंपारण जिले में गंडक नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। जिले के कई भागों में कटाव से नुकसान हुआ है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

वाल्मीकिनगर गंडक बराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। आज सुबह सात बजे एक लाख बावन हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। पानी का बहाव बढ़ने के कारण निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिले के योगापट्टी प्रखंड के सिसवा, मंगलपुर, चौमुखा और जरलपुर में तेज कटाव के कारण सैकड़ों एकड़ में फैले खेत नदी में समा चुके हैं। वहीं, बगहा के मंगलपुर में भी कटाव से काफी नुकसान हुआ है। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने बताया कि हालात पर नजर रखी जा रही है और लागों को सावधान किया जा रहा है।

आकाशवाणी समाचार के लिए पश्चिम चंपारण से आशीष कुमार।

खगड़िया, समस्तीपुर और कटिहार जिले के तटवर्ती गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। वैशाली जिले के चार प्रखंडों के सोलह गांव बाढ़ की चपेट में हैं। भोजपुर जिले के उत्तर प्रदेश सीमा से सटे खवासपुर गांव में गंगा नदी का पानी तेजी से फैल रहा है। इधर, हमारे रोहतास संवाददाता ने बताया है कि बाणसागर डैम से पानी छोड़े जाने के बाद सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कैमूर जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते जिले से होकर गुजरने वाली दुर्गावती और कर्मनाशा समेत पहाड़ी नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी जा रही है। जल संसाधन विभाग ने सभी तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है और बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य युद्धस्तर पर किये जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत और बचाव कार्य भी चलाया जा रहा है।

————————————————————————

झारखंड के ऊपर बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। औरंगाबाद के ओबरा में सबसे अधिक एक सौ पैंतीस दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज अररिया, किशनगंज, कैमूर, गया, रोहतास और सीवान जिले में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर आंधी और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———साउंड बाइट———

————————————————————————

नेपाल और तिब्बत में अचानक आई विनाशकारी बाढ़ में मृतकों की संख्या बढ़कर एक हजार दो सौ पचास हो गई है। बचावकर्मी बारिश और मलबे के बीच लोगों का पता लगाने में जुटे हैं। भोटेकोशी नदी के मार्ग में बनी सुरंगों और नेपाल के भूमिगत बिजलीघरों में लोगों के फंसे होने की आशंका है। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन से जुड़ी इस आपदा को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष मजबूती से उठाने की आवश्यकता है। इस आपदा में पांच सौ तिरासी विदेशी नागरिक लापता हैं। नेपाली सेना और सुरक्षा बलों ने हेलीकॉप्टरों और जमीनी मार्गों से अब तक लगभग बारह हजार लोगों को बचाया है।

————————————————————————

पूर्णिया जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न दुकानों, भोजनालयों, होटल और रेस्टोरेंट से खाने की चीजों के सैंपल लिए गए।

————————————————————————

शेखपुरा जिले के कोरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौनी गांव के पास एक मोटरसाइकिल सवार ने बिजली के खंभे में टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।

————————————————————————

भागलपुर के मीरनचौक इलाकें में रेशम अपशिष्ट के उपयोग को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेरा रेशम मेरा अभियान टू प्याइंट ओ के तहत अपशिष्टों के वैज्ञानिक उपयोग की जानकारी दी गई।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– छह करोड़ लोगों की घर–घर स्वास्थ्य जांच होगी।

दैनिक जागरण ने बाढ़ की खबर पर लिखा है– सोन और गंगा उफान पर, राजधानी तक पहुंचा बाढ़ का दबाव।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा संभालेंगे राम मंदिर ट्रस्ट।

प्रभात खबर ने पटना नगर निगम से जुड़ी खबर पर लिखा है– शहर में तीन कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और पन्द्रह बहुउद्देशीय भवन बनेंगे, सात सौ इक्यानवे करोड़ होंगे खर्च।

आज अखबार की सुर्खी है– हर पांच साल पर होगा, शिक्षकों का तबादला।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण से जुड़े तकनीक अपनाने और सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं से सीखने का आह्वान किया।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश के सैंतालीस बड़े पुलों और पचपन राज्य उच्च पथों पर टोल टैक्स लगाने के प्रस्ताव को दी मंजूरी।

03. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गम्भीर। दरभंगा, पश्चिम चम्पारण, भागलपुर और मुंगेर समेत पन्द्रह से अधिक जिले बाढ़ की चपेट में।

04. और, शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय शिक्षक पुरस्कार के लिए अड़तीस शिक्षकों का हुआ चयन।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।